ADITYA BIRLA

HINDALCO

एच.आई.एल. / माइनिंग / 2019 / 182 दिनांक : 10 / 09 / 19

प्रति,

कलेक्टर

जिला– रायगढ़ (छ.ग.)

**विषयः वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत व्यपवर्तन हेतु गारे पेलमा IV/5 कोल माईन्स के अंतर्गत 03.484 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, मेसर्स हिंडाल्को इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, गारे पेलमा IV/5 कोल माईन्स ग्राम – कोड़केल, तह. तमनार, जिला – रायगढ़ (छ.ग.) हेतु भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली का पत्र क्रमांक F.NO.8-69/1998-FC दिनांक 18-05-2015 के तहत भूमिगत खदान हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।

उपरोक्त भूमिगत खदान से अधिकतम कोयला उत्खनन संभव नहीं होने के कारण,उत्खनन विधि में परिवर्तन प्रस्तावित है। भूमिगत खदान के उत्खनित क्षेत्र में खुली खदान द्वारा कोयला उत्खनन का प्रस्ताव ग्राम कोड़केल, मिलूपारा, लमदरहा, सरसमाल, एवं बांझीखोल में प्रस्तावित है एवं वनभूमि व्यपवर्तन हेतु आनलाईन आवेदन किया गया। जिसका पंजीयन क्रमांक FP/CG/MIN/41338/2019 है। डी.जी.पी.एस. सर्वे हेतु मेसर्स हिंडाल्को इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, के द्वारा पत्र क्रमांक HIL/GP Mines/Forest/2019-20/07-136 दिनांक 02.08.2019 प्रस्तुत किया गया। सर्वे कार्य दिनांक 13.08.2019 से 16.08.2019 को पूर्ण किया गया। खनन परियोजना में उपयोग की जाने वाली राजस्व वन भूमि के वन संरक्षण अधिनियम 1980 क अन्तर्गत व्यपवर्तन हेतु राजस्व वन भूमि की अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, राजस्व वनभूमि का खसरावार विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | जिला | तहसील | ग्राम का नाम | खसरा क्रं. | भूमि का प्रकार | कुल रकबा(हें.मे.) | प्रस्तावित रकबा (हें. मे.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ | तमनार | कोड़केल | 153/1 | बड़े झाड के जंगल | 0.467 | 0.467 |
| 2 | रायगढ़ | तमनार | कोड़केल | 153/5 | बड़े झाड के जंगल | 0.008 | 0.008 |
| 3 | रायगढ़ | तमनार | कोड़केल | 81/1 | छोटे झाड के जंगल | 0.943 | 0.943 |
| 4 | रायगढ़ | तमनार | कोड़केल | 179/1 | छोटे झाड के जंगल | 6.224 | 0.853 |
| 5 | रायगढ़ | तमनार | कोड़केल | 179/5 | छोटे झाड के जंगल | 2.428 | 0.275 |
| 6 | रायगढ़ | तमनार | कोड़केल | 252/1 | छोटे झाड के जंगल | 0.406 | 0.129 |
| 7 | रायगढ़ | तमनार | कोड़केल | 252/5 | छोटे झाड के जंगल | 0.809 | 0.809 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | रायगढ़ | तमनार | मिलूपारा | निरंक | निरंक | निरंक |
| 9 | रायगढ़ | तमनार | लमदरहा | निरंक | निरंक | निरंक |
| 10 | रायगढ़ | तमनार | सरसमाल | निरंक | निरंक | निरंक |
| 11 | रायगढ़ | तमनार | बांझीखोल | निरंक | निरंक | निरंक |
| | **योग रकबा(हे.में)** | | | | **11.285** | **3.484** |

अतः उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत व्यपवर्तन हेतु राजस्व वन भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। **श्रीमान से निवेदन है कि अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने की कृपा करे।**

धन्यवाद !

भवदीय

Abhati
10/9/19

मेसर्स हिंडाल्को इण्डस्ट्रीज लिमिटेड,
मिलूपारा रायगढ़ (छ.ग.)

प्रतिलिपि :-

1. वनमण्डलाधिकारी, रायगढ़ जिला – रायगढ़ (छ.ग.)।
2. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, रायगढ़ जिला – रायगढ़ (छ.ग.)।
3. तहसीलदार, तमनार, जिला – रायगढ. (छ.ग.)।